



## 320 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के विकासनगर में पुलिस ने अंग्रेजी शराब की 320 बोतल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक कार को सीज भी किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, कोतवाली विकासनगर पर प्रभारी निरीक्षक की ओर से गठित पुलिस टीम की ओर से अंतरराज्यीय बैरियर कुल्हाल पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने चेकिंग के लिए एक कार (यूके 07 एडी 3069) को रोका।

चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को कार से 320 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इस पर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम कुलदीप (22 वर्ष) सूर्यवीर सिंह निवासी धोन पट्टी नगुण टिहरी गढ़वाल बताया। पुलिस ने तस्करी में उपयोग की जा रही कार को सीज कर दिया है। ऋषिकेश के गुमानीवाला के गुलरानी क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री व अवैध भट्टियों के खिलाफ स्थानीय नागरिकों का गुस्सा भड़क उठा। बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं ने अभियान चलाते हुए अवैध शराब की भट्टियों को नष्ट कर दिया। इस दौरान महिलाओं ने कई लीटर शराब नष्ट की गई, लेकिन अभियान के दौरान कोई भी आरोपित हत्थे नहीं आया।

# मिशन अन्त्योदय सर्वे और जीपीडीपी प्लान होगा तैयार

**जनयोजना अभियान**

उत्तराखण्ड में 'सबका साथ–सबका विकास' जनयोजना अभियान दो दिसंबर से

पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार की जाएगी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड में ''सबका साथ–सबका विकास'' जनयोजना अभियान 2 दिसम्बर से 2 मार्च 2020 तक चलाया जाएगा। इसमें मिशन अन्त्योदय सर्वे और जीपीडीपी प्लान तैयार किया जाएगा। इसमें मिशन अन्त्योदय सर्वे एप द्वारा राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों का सर्वे कार्य किया जाएगा। सर्वे से प्राप्त गैप रिर्पोट को ग्राम सभा की खुली बैठकों में रखते हुये गैप पूर्ति के लिए पंचायती राज विभाग, द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार की जाएगी।

शुक्रवार को सचिवालय स्थित एफआरडीसी सभाकक्ष में जीपीडीपी अभियान की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास मनीषा पंवार ने ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधानों की ओरिएंटेशन कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना में उन्हीं कार्यों के प्रस्ताव किए जाएं जो कि संबंधित विभागों के मानकों के अंतर्गत आते हों। अभियान में सीएसआर में काम कर रही संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए। हर घर को नल से जल की आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए।



जीपीडीपी अभियान की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास मनीषा पंवार।

बताया गया कि वैसे यह अभियान 02 अक्टूबर 2019 से 31 दिसम्बर 2019 तक चलाया जाना था परंतु उत्तराखण्ड में त्रि–स्तरीय पंचायत निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता के कारण राज्य में उक्त अभियान 02 दिसम्बर, 2019 से 02 मार्च, 2020 तक संचालित किया जाएगा। समस्त गतिविधियों को अभियान के तौर पर संचालित किया जायेगा तथा समस्त गतिविधियों की फोटोग्राफी, विडियोग्राफी एवं अभिलेखीकरण अनिवार्य रूप से किया जायेगा तथा योजना के वेब पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड किया जायेगा। सर्वे कार्य प्रारम्भ करने से पहले ग्राम पंचायत वार, सर्वेकर्ता की टीम तैयार कर मिशन अन्त्योदय मोबाइल एप्प का प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य होगा। विकास खण्ड द्वारा सर्वेकर्ताओं का चयन किया जायेगा। सर्वेकर्ता के रूप में सीआरपीध्जीआरएसध्बीएफटी तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों का चयन किया जा सकता है। सर्वे कार्य नियत समय में पूर्ण करना तथा सर्वे डाटा को मोबाईल एप्प से डाउनलोड कर सर्वे रिपोर्ट की प्रतिलिपि को ग्राम सभा की खुली बैठक में अनुमोदन के लिए रखा जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चाय पे चरचा आयोजित, ईशा और प्रियांशु रहे विजेता

**(संवाददाता)** देहरादून। राज्य निर्माण दिवस समारोह के उत्सव के उपलक्ष में, तुलाज इंस्टिट्यूट ने अपने कॉलेज परिसर के भीतर चाय पे चर्चा सत्र का आयोजन किया। प्रतियोगिता में बीबीए प्रथम वर्ष से ईशा शर्मा और बीटेक से प्रियांशु बिस्वास विजेता रहे। कार्यक्रम में 6 छात्र छात्राओं ने एक संवाद के माध्यम से बातचीत कर अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम ने कॉलेज क्लब एक्सप्रेसो को अपने नए और युवा नवोदित छात्रों की खोज करने का एक शानदार अवसर दिया। पुरस्कार वितरण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। छात्रों को अपने कौशल और ज्ञान का प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर भी मिला।

### ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता

**(संवाददाता)** ऋषिकेष। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) द्वारा विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा संरक्षण अभियान के अन्तर्गत कक्षा 4, 5, 6, कक्षा 7, 8, 9 (श्रेणी–ख) स्तर के छात्र/छात्राओं के लिए राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन 14 नवम्बर को टीएचडीसी सामुदायिक केन्द्र, ऋशिकेष में आयोजित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल ने किया।

### रेस लगाने के दौरान हुए हादसे में तीन की मौत

**(संवाददाता)** देहरादून। रामनगर के स्टेट हाईवे पर आधी रात को बाइक से रेस लगाने के दौरान हुए हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में 16 वर्षीय मोहित पुत्र अम्बादत्त भट्ट निवासी बैलपड़ाव, 27 वर्षीय नमन पुत्र राजेंद्र सुयाल निवासी बैलपड़ाव व 22 वर्षीय यश मेहता पुत्र महेंद्र प्रताप निवासी बैलपड़ाव की मौत हो गई। मोहित, नमन की मौके पर ही मौत हुई, जबकि यश की अस्पताल ले जाते समय मौत हुई।

# होम स्टे के प्रति जागरूक करने को स्पेशल कैम्प लगाए

**समीक्षा**

- होम स्टे योजना के लक्ष्य को पूरा करने को मिशन मोड़ पर कार्य करने के दिए निर्देश

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने शुक्रवार को सचिवालय सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ दीनदयाल उपाध्याय होम स्टे योजना की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों का होम स्टे योजना हेतु निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने हेतु मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को होम स्टे के प्रति जागरूक करने हेतु स्पेशल कैम्प लगाए जाएं ताकि लोग इस योजना के प्रति आकर्षित हों। मुख्य सचिव ने कहा कि होम स्टे योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है।



**निर्देशः** मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि होम स्टे योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों का शीघ्रता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जाए।

उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुन्दरता, कला एवं संस्कृति होम स्टे योजना की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ लेने के लिये प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी उत्तरकाशी को निर्देश दिये कि जनपद में काफी ट्रैकिंग रूट हैं। इन ट्रैकिंग रूट्स में छोटे–छोटे लोकेशन्स को विकसित किया जा सकता है। साथ ही, बुग्यालों में छानियों को भी विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के रजिस्टर्ड होटल एवं रिसोर्ट की जानकारी भी पोर्टल में अपलोड की जाए।

इस अवसर पर सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, अपर सचिव सोनिका, जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग मंगेश घिल्डियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जुलूस, दौड़, मार्च, शोभायात्रा की अनुमति के लिए 15 दिन पूर्व करना होगा आवेदन

**(संवाददाता)** देहरादून। नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक रूहेला ने नगरीय सीमा क्षेत्रान्तर्गत निवासरत समस्त जनमानस को सूचित किया है कि जनपद के नगरीय सीमा क्षेत्रान्तर्गत में आयोजित होने वाले समस्त आयोजनों (जुलूस, दौड़–मैराथन साइकिल–मोटर साइकिल रैली, मार्च, शोभायात्रा, परेड ग्राउण्ड एवं शहरी क्षेत्र के अन्य स्थानों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम आदि) के सम्बन्ध में आयोजनकर्ता आयोजन समिति आयोजन के क्रियान्वयन प्रारम्भ होने की तिथि से 15 दिवस पूर्व आवेदन नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे, ताकि अयोजित कार्यक्रम के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों से आख्या, अनापत्ति प्राप्त कर समसय से अनुमति निर्गत की जा सके।

## यूएनएफपीए का जनसंख्या और विकास पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**संवाददाता** नौरोबी/ऋषिकेश। जीवा की अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव और परमार्थ निकेतन की साध्वी भगवती सरस्वती जी ने नैरोबी, केन्या अफ्रिका में यू एन एफ पी ए (यूनाइटेड नेशनस पापूलेशन फण्ड) द्वारा आयोजित जनसंख्या और विकास पर अन्तर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में सहभाग किया। यह संयुक्त राष्ट्र का एक निकाय है। इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न धर्मो के प्रतिनिधि, 170 देशों के 9500 से अधिक विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने सहभाग कर महिलाओं और बच्चों का विकास, स्वास्थ्य, सुरक्षा, अधिकार, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती जनसंख्या वृद्धि दर पर नियंत्रण, सतत आर्थिक वृद्धि और विकास पर विस्तृत चर्चा की गयी।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।